<u>सात दिवसीय एनएसएस शिविर के दूसरे दिन हुआ विविध कार्यक्रमों का आयोजन</u>

अग्रवाल कॉलेज बल्लभगढ़ की एनएसएस इकाई 1 और 3 द्वारा प्रोग्राम ऑफिसर डॉ० सुप्रिया ढांडा और सुश्री रीतिका सहरावत के नेतृत्व में आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर के दूसरे दिन का शुभारंभ स्वयंसेवकों द्वारा प्रातःकालीन व्यायाम और योग से हुआ। इसके बाद "डिजिटल साक्षरता" और "भारत के लिए युवा" विषय पर स्लोगन लेखन एवं पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें स्वयंसेवकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपनी रचनात्मकता का परिचय दिया। इसके पश्चात दो प्रबुद्ध वक्ताओं, श्री अमित गुप्ता और श्री पुनीत पंचाल ने प्रेरणादायक सत्र लिया। उन्होंने छात्रों को सफलता के गुर सिखाए और "महिला सशक्तिकरण" एवं "राष्ट्रवाद" विषय पर सारगर्भित विचार प्रस्तुत किए। वक्ताओं के विचारों ने स्वयंसेवकों में जोश और उत्साह भर दिया। सत्र के उपरांत सभी स्वयंसेवकों के लिए भोजन की व्यवस्था की गई।

दोपहर के सत्र में स्वयंसेवकों को गौशाला ले जाया गया, जहां उन्होंने सेवा कार्य किया और अंत में डिजिटल साक्षरता के महत्व पर जन-जागरूकता रैली निकाली। इस रैली के माध्यम से स्वयंसेवकों ने स्थानीय लोगों को डिजिटल युग में साक्षरता अपनाने के लिए प्रेरित किया।

सायंकालीन सत्र में स्वयंसेवकों के लिए एक प्रतिभा प्रदर्शन मंच आयोजित किया गया, जिसमें उन्होंने अपनी कला और हुनर का प्रदर्शन किया। इसके साथ ही प्रतियोगिताओं के विजेताओं की घोषणा कर उन्हें सम्मानित किया गया।

कॉलेज के माननीय चेयरमैन श्री देवेंद्र कुमार गुप्ता एवं महासचिव श्री दिनेश गुप्ता जी और कार्यकारी प्राचार्य डॉ० संजीव कुमार गुप्ता ने कार्यक्रम की सराहना की और एनएसएस इकाई की कार्यक्रम अधिकारियों, डॉ. सुप्रिया ढांडा एवं सुश्री ऋतिका सहारावत के प्रयासों की प्रशंसा करते हुए उन्हें बधाई दी। शिविर का दूसरा दिन सभी स्वयंसेवकों के लिए एक प्रेरणादायक और ज्ञानवर्धक अनुभव साबित हुआ